क्रमांक 23

छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग – दो

सोमवार, दिनांक 13 मार्च, 2023 (फाल्गुन–22, 1944)

राष्ट्रकुल दिवस पर माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन में अनौपचारिक उल्लेख

''राष्ट्रकुल दिवस – 2023'' के अवसर पर माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन में निम्नानुसार अनौपचारिक उल्लेख किया गया –

समूचे विश्व में **राष्ट्रकुल दिवस** प्रतिवर्ष मार्च माह के दूसरे सोमवार को मनाया जाता है।

तदनुसार, आज सोमवार, दिनांक 13 मार्च को ''राष्ट्रकुल दिवस'' पर राष्ट्रकुल देशों ने **"Forging a sustainable and peaceful common future"** अर्थात **''स्थायी और शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण करना''** को राष्ट्रकुल दिवस का विषय निर्धारित किया है।

राष्ट्रकुल देश, ब्रिटिश शासन के अधीन रहे एशिया, अफ्रीका एवं यूरोप महाद्वीप के 56 स्वतंत्र देशों का एक संघ है। विश्व की लगभग एक तिहाई आबादी, जिनमें विभिन्न धर्मों, जाति, संस्कृति, संप्रदाय एवं परंपराओं को मानने वाले नागरिकों का समूह, राष्ट्रकुल में सम्मिलित है। इसका मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र, साक्षरता, मानवाधिकार, बेहतर प्रशासन, मुक्त व्यापार, भाईचारा, आपसी एकता और विश्व शांति को बढ़ावा देना है।

आईये, हम सब राष्ट्रकुल दिवस का विषय **''स्थायी और शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण करना''** के मूलमंत्र को मानते हुए, इस अवसर पर राष्ट्रकुल परिवार के 56 देशों के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण, असमानता, आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान खोजने और सभी देशों के मध्य शांतिपूर्ण एवं खुशहाल वातावरण तैयार करने में अपने मानवीय कर्तव्यों के उत्तम निर्वहन का संकल्प लें।

आप सभी सम्माननीय सदस्यों को पुनश्चः राष्ट्रकुल दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

दिनेश शर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा